# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (27.06.2025)

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:27.06.2025, PAGE-04

# सीट निर्धारण के बाद जारी होगी स्नातक की मेधा सूची

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- स्नातक चौथे सेमेस्टर के लिए स्काउट एंड गाइड का सिलेबस तैयार

बीआरएबीयू में स्नातक में सीटों के निर्धारण को लेकर नामांकन के लिए गठित कमेटी की बैठक हुई. इस दौरान अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में सीटें तय करने के मुद्दे पर प्रमुखता से विचार किया गया.

कमेटी के सदस्यों ने जिन विषयों में विद्यार्थियों की अधिक डिमांड है. उनमें सीटों की संख्या बढ़ाने के कॉलेजों के प्रस्ताव पर चर्चा की. हालांकि, सीटें बढ़ाने को लेकर अंतिम निर्णय नहीं हो सका. कमेटी के सदस्य शुक्रवार को भी इस मुद्दे को लेकर बैठेंगे. इतिहास, हिंदी, जूलॉजी, मनोविज्ञान समेत आधा दर्जन से अधिक विषयों में सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर कॉलेजों ने प्रस्ताव दिया है. नियम के अनुसार अंगीभूत कॉलजों में बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों में 256 और प्रैक्टिकल वाले विषयों में 196 सीटें हो सकती हैं. जबकि, कई संबद्ध कॉलेजों में सीटों की संख्या इससे दोगुनी तक है. कॉलेजों की ओर से इसमें और बढ़ोतरी की मांग की जा रही है. बताया गया कि सीटों के निर्धारण के बाद ही इसबार मेधा सूची जारी की जायेगी.

पिछले वर्ष कुछ कॉलेजों में सीट बढ़ाये गये थे, लेकिन वह एक सत्र के लिए था. ऐसे में इसबार स्वीकृति मिलने के बाद ही बढ़े हुए सीट पर दाखिला लिया जाना है. वहीं कमेटी के सदस्यों ने स्नातक के चौथे सेमेस्टर में एइसी पेपर के तैयार हुए पाठ्यक्रम को भी देखा. इसपर स्वीकृति दे दी गयी. स्काउट एंड गाइड की पढ़ाई के लिए भी सिलेबस तैयार किया गया है. इसके लिए स्काउट गाइड के विशेषज्ञ को भी बैठक में बुलाया गया था.

विवि के विकास पदाधिकारी डॉ जेपी त्रिपाठी व सिलेबस कमेटी के सदस्य डॉ विपुल वर्णवाल ने सिलेबस के बारे में स्काउट गाइड प्रतिनिधि को बताया. चौथे सेमेस्टर में एइसी पेपर में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड समेत अन्य विषयों को शामिल किया गया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:27.06.2025, PAGE-06

### चार महीने से बंद है पोर्टल • पेंडिंग रिजल्ट वालों को पोर्टल खुलने का है इंतजार

# कन्या उत्थान की राशि बिहार विवि की सर्वाधिक 85 हजार छात्राओं को मिलेगी

एजुकेशनरिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

सरकार की ओर से आधार वेरिफिकेशन के बाद राज्य में स्नातक उत्तीर्ण 4.71 लाख छात्राओं को जल्द ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 50-50 हजार रुपए मिलेंगी। दिसंबर 2024 तक जारी रिजल्ट के आधार पर उत्तीर्ण छात्राओं का नाम विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इसमें सबसे अधिक 85058 छात्राएं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की है। आधार वेरिफिकेशन के बाद पोर्टल खुलेगा, तो छात्राओं को आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद राशि सीधे उनके खाते में जाएगी। विभाग के पोर्टल पर बीआरएबीयू सहित सभी विश्वविद्यालयों की 4.71 लाख छात्राओं का रिजल्ट अपलोड किया गया है। विभाग ने इस साल जनवरी तक पोर्टल खोला था। उस समय तक जिन छात्राओं का रिजल्ट क्लियर हो गया था, उनका नाम अपलोड कर दिया गया। वहीं हजारों छात्रों का रिजल्ट अब भी पोर्टल पर अपलोड नहीं हुआ है। उस समय रिजल्ट पेंडिंग था। पिछले साल दिसंबर में विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-24 का फाइनल रिजल्ट जारी किया। हालांकि इससे पहले के सत्र की तमाम छात्राओं का नाम भी पोर्टल पर नहीं है। 4 महीने से पोर्टल बंद है। छात्राएं कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक चक्कर लगा रही है। रोजाना दो-चार छात्रा या अभिभावक विश्वविद्यालय पहुंच रहे हैं। गुरुवार को बेतिया से 3 छात्राएं अपने अभिभावकों को लेकर आई थी। बताया कि सत्र 2021-24 में स्नातक उत्तीर्ण की है। उनका रिजल्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं हुआ है। कॉलेज से कोई जानकारी नहीं मिली, तो विश्वविद्यालय आई है। उनका कहना था कि एक साइबर कैफे संचालक पोर्टल पर नाम अपलोड कराने के लिए 5-5 हजार रुपए मांग रहा है। विश्वविद्यालय में उन्हें बताया गया कि पोर्टल खुलने के बाद उनका रिजल्ट अपलोड होगा। उधर, छात्राओं की परेशानी को देखकर बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं।

| विश्वविद्यालय | अपलोड डाटा |
|---|---|
| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय | 85058 |
| मगध विश्वविद्यालय | 81337 |
| ललित नारायण मिथिला विवि | 73457 |
| वीर कुंवर सिंह विवि आरा | 68434 |
| पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय | 48004 |
| तिलका मांझी विश्वविद्यालय | 35617 |
| बीएन मंडल विश्वविद्यालय | 16304 |
| मुंगेर विश्वविद्यालय | 15087 |
| पूर्णिया विश्वविद्यालय | 14851 |
| जयप्रकाश विश्वविद्यालय | 12309 |
| पटना विश्वविद्यालय | 3174 |
| मौलाना मजहरूल हक | 151 |